### खबर संक्षेप

## जांच नाका रामपुर-चिचोली का औचक निरीक्षण

**छिन्दवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान फील्ड में आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराने और अवैध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के लिए जांच नाकों में तैनात स्थैतिक निगरानी दल के कार्यों का जायजा लेने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा विभिन्न जांच नाकों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने विधानसभा जुन्नारदेव पहुंचकर छिंदवाड़ा-बैतूल अंतरजिला एस.एस.टी.जांच नाका रामपुर-चिचोली का औचक निरीक्षण किया और एसएसटी द्वारा किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान अपने समक्ष गुजरने वाले वाहनों की सघन चेकिंग करवाई और निजी, कमर्शियल व सवारी वाहन सहित टू व्हीलर्स, बस, पिकअप आदि सभी वाहनों की पूरी कड़ाई और सख्ती से जांच करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि नाके से गुजरने वाले हर वाहन की सघन चेकिंग सुनिश्चित की जाएं। इस दौरान एसडीएम जुन्नारदेव सुश्री कामिनी ठाकुर, तहसीलदार, नायब तहसीलदार व संबंधित टी.आई. और तैनात एस.एस.टी. दल और एफ.एस.टी. दल के सदस्य उपस्थित थे।

## 7 ग्रामों में ग्रामीणों को समझाया मतदान का महत्व

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह और जिला नोडल अधिकारी स्वीप एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री पार्थ जैसवाल के मार्गनिर्देशन में म.प्र.जन अभियान परिषद द्वारा जिले के विकासखंड बिछुआ के खमारपानी सेक्टर क्रमांक-3 के ग्रामों गढेवानी, तुमडागडी, डोंडाखापा, जामुनटोला, कपूरखेड़ा, बिछवी व कुरई में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत ग्रामीणों को मतदान का महत्व समझाया गया और आगामी 19 अप्रैल 2024 को होने वाले चुनाव में मतदान करने के लिये प्रेरित किया गया।

## भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू के पक्ष में मतदान की हुई अपील, श्री बड़ी माता मंदिर में किया पूजन

# ऐतिहासिक रोड शो में गृहमंत्री अमित शाह का दिखा जलवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

छिंदवाड़ा में लोकसभा के चुनाव की मतदान के तिथि पास आते ही बड़े नेताओं के दलों ने पूरा माहौल भाजपा के पक्ष में कर दिया है। विगत दिवस शाम को ऐतिहासिक रोड शो में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा, मप्र मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के रोड शो में ऐतिहासिक भीड़ उमड़ पड़ी। बेहद ही चाक चौबंध,सुरक्षा व्यवस्था के साथ दुल्हन की तरह शहर को सजाया गया था, वहीं फव्वारा चौक से लेकर बड़ी माता मंदिर तक लगे भगवा ध्वज के अलावा सुंदर लाइटिंग ने कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की।





लगभग 8 बजे के बाद श्री शाह के आगमन पर आदिवासी नृत्य, ढोल बाजों की टोली के साथ रथ पर सवार होकर निकले तीनों अतिथियों के अलावा भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू मौजूद रहे। इसके अलावा सभी विधानसभा क्षेत्रों के विधानसभा प्रत्याशी नाना मोहोड़, नत्थन शाह, मोनिका के अलावा पूर्व मंत्री चौधरी चंद्रभान सिंह, धमेन्द्र मिगलानी, दीपक सक्सेना, अजय सक्सेना और पूरा भाजपा परिवार शाह के स्वागत में उपस्थित रहा। महिलाओं के जत्थे ने केसरिया टोपी पहनकर श्री शाह के स्वागत में चार चांद लगाए, वहीं जगह जगह सिंधी व्यापारी, गोलगंज व्यापारी मंडल, छोटी बाजार समूह ऐसे कई जगहों पर श्री शाह का भव्य स्वागत किया गया। शाह के आगमन का राजनीति माहौल ही बदल दिया। हजारों की संख्या में लोग शाह को देखने और उनके स्वागत के लिए उमड़ पड़े।

ज्ञात हो कि भाजपा ने छिंदवाड़ सीट के लिए विवेक बंटी साहू को मैदान में उतारा है, वहीं इस हॉट सीट पर कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ को कांग्रेस का प्रत्याशी बनाया है। मुख्य मुकाबला विवेक बंटी साहू और नकुलनाथ के बीच में है। एक ओर जहां 45 वर्ष के संबंध का हवाला देते हुए कमलनाथ अपने बेटे के लिए वोट अपील कर रहे हैं, वहीं विवेक बंटी साहू मोदी के ब्राम्हास्त्र को लेकर मैदान में है और अबकी बार 400 पार के नारों के साथ मोदी की गारंटी और मोदी सरकार के कार्यों को लेकर वोट अपील कर रहे है। 19 अप्रैल कामतदान ही अब यह तय करेगा की ऊंट किस करवट बैठता है। बहरहाल दोनों ही दल अपने अपने पक्ष में वोटिंग कराने के लिए पूरी ताकत से जोर आजमाइश करने में लगे है। ऐसे में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह का आगमन कई मायनों में बड़ा ही महत्व रखता है।

श्री शाह का आगमन इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि यह एक संदेश है कि पूरे देश की नजर छिंदवाड़ा के चुनाव पर लगी है। जहां पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की प्रतिष्ठा दाव पर लगी है, वहीं कांग्रेस की परम्परागत सीट को हड़पने के लिए और मप्र को कांग्रेस मुक्त बनाने के लिए छिंदवाड़ा सीट पर दाव पर दाव लगाए जा रहे है।

छठवीं बार मुख्यमंत्री का आगमन भी यह बताता है कि यह सीट भाजपा के लिए भी प्रतिष्ठा का विषय है और इस पर तेजी से भाजपा के पक्ष में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

## चुनाव प्रचार में महिला मंडल भी पीछे नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

भारतीय जनता पार्टी का महा जनसंपर्क अभियान नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में जोर शोर से जारी रहा। जिसमें पार्टी के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं महिला पुरुष युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जनसंपर्क के दौरान जगह-जगह नुक्कड़ सभाएं आयोजित की गई ।इन नुक्कड़ सभा में भाजपा जिला उपाध्यक्ष अखिलेश शुक्ला नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे पार्षद संजय जैन राजेश श्रीवास्तव विष्णु शर्मा आदि कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू के लिए लोगों से आशीर्वाद मांगा। नुक्कड़ सभा के दौरान अखिलेश शुक्ला ने कहा कि जुन्नारदेव विधानसभा में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। जिले के सांसद ने इन पर्यटन संभावनाओं की और कभी ध्यान ही नहीं दिया। श्री शुक्ल ने कहा कि हमारा क्षेत्र पर्यटन में अपार संभावना रखता है। बस उन्हें व्यवस्थित करने की जरूरत है।ताकि हमारे श्रेत्र के निवासियों कोपर्यटन से रोजगार उपलब्ध हो सके ।और ये तभी संभव है जब जिले के विकास की इच्छाशक्ति रखने वाले जनप्रतिनिधियों से ही हो सकता है।

## आईपीएल सट्टा खेलते तीन धराए, 47 हजार बरामद

**पांढुर्ना :** कल जिला पुलिस अधिक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी एवं अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक नीरज सोनी के निर्देशन में एसडीओ पुलिस ब्रजेश भार्गव के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी अजय मरकाम के नेतृत्व में पुलिस द्वारा आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत आय.पी.एल. सट्टा प्रकरण का खुलासा हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर में घनपेठ पुलिया के पास आरामशीन के सामने आय.पी.एल. क्रिकेट मैच पर हार जीत का दांव लगाकर सट्टा खेल रहे आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा।

पकडे गए आरोपी कपिल चरडे और गोविंद सिंह दुधानी से पूछताछ के आधार पर हरेष उर्फ हर्षद पटेल निवासी पांढुर्ना पकड कर तीनों आरोपियों के खिलाफ सट्टा अधिनियम के तहत कारवाई की गई। तीनों आरोपियों से कुल 47,350 रू. और 3 मोबाइल जब्त किए गए। आय.पी.एल. सट्टे से जुडे अन्य व्यक्तियों की जानकारी पुलिस द्वारा जुटाई जा रही है। इस कारवाई के दौरान प्रआ नितेश रघुवंशी, आ. अशोक हरसुले, आ. पुष्पेंद्र, आ. ओमवरी जाट, आ. अनीता बघेल, आ. अलकेश नागले तथा आ. अखिलेश हिंगवे का उल्लेखनीय सहयोग रहा।

## अष्टमी पर हुआ मंदिर में हवन पूजन

**छिंदवाड़ा** – माँ दुर्गा गणेश शनि सेवा समिति श्रीश्री सिंह वाहिनी मंदिर पी डब्लू डी परिसर शिवनगर कालोनी में आज अष्टमी हवन पूजन समिति के सदस्यों एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के द्वारा सम्पन हुआ । समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह बैस ने जानकारी देते हुये बताया कि अष्ठमी हवन, आरती के उपरांत कन्या भोज किया गया । दिनाँक 17 अप्रैल दिन बुधवार को शाम 5 बजे घट एवं मूर्ति विसर्जन किया जाएगा उसके उपरांत रात 8 बजे भंडारा प्रसाद वितरण किया जाएगा ।



हवन पूजन कार्यक्रम में श्री पंडित राम शर्मा , श्री रोमी राय , श्री धनराज यादव , श्री दिनेश शुक्ला , श्री कृष्णा राव ताठे , श्री चुन्नीलाल खुराना , श्री गणपत साहू ,श्री अनिल शुक्ला ,श्री देवेन्द्र अग्निहोत्री , शिव राव पवार ,विनोद पूरी ,रघुवीर सिंह राजपूत , कामता प्रसाद गोलू ,रिंकू बैस तथा श्री अम्बिका प्रसाद मिश्रा , श्री सुरेंद्र दुबे प्रधान पुजारी उपस्थित थे ।

## मतदाता जागरूकता के लिए चलाया गया हस्ताक्षर अभियान



**दमुआ।** शासकीय महाविद्यालय दमुआ में प्राचार्य व एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रश्मि दास जी और श्री दिनेश इवानती के मार्गदर्शन में स्वीप प्लान के तहत लोकसभा निर्वाचन 2024 में नव मतदाता जागरूकता के लिए महाविद्यालय स्तर पर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया और नव मतदाता कॉलेज यूनिफॉर्म में मतदान करने के बाद सेल्फी लेकर महाविद्यालय के समूह में प्रेषित करने की सूचना का प्रचार प्रसार किया गया इस अभियान में समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा है।

## रमाई संग भीमराव आम्बेडकर विवाह समारोह का हुआ चित्रण, नगर में 5 दिन तक चला भीम महोत्सव



**छिंदवाड़ा।** डॉ बाबासाहेब आंबेडकर नवयुवक मंडल सौसर की ओर से आयोजित पांच दिवसीय भीम जयंती महोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण के साथ में समापन हुआ। डॉ बाबासाहेब आंबेडकर चौक में संपन्न हुए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में 31 बच्चों के द्वारा तथागत बुद्ध छत्रपति शिवाजी महाराज महात्मा ज्योतिबा फुले संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब आंबेडकर माता सावित्रीबाई फुलेके जीवन पर आधारित गीतों की प्रस्तुतियां देखकर महापुरुषों की विचारधारा का प्रचार प्रसार किया। मंच पर समता सैनिक दल जिला जेओसी बाबाराव चारे, मुरलीधर कामले,देवेंद्र बागड़े,दिलीप बागड़े, डॉ बाबासाहेब अंबेडकर नवयुवक मंडल अध्यक्ष सुगत बागडे,सुनील बागड़े,गोलू कामले,श्रीमती नंदाबाई बागडे,ललिता ढुफारे, रमाबाई अंबेडकर महिला मंडल अध्यक्ष पमिता बागड़े,कंचन कामले,योगिता कड़बे,कंचन गजभिये,नितल हनवते,समता बागड़े आदि थे।कार्यक्रम का संचालन मुकेश बागड़े,जिलिशा गजभिये ने किया। निर्णायक मंडल में डॉ श्वेता गजभिए श्रीमती ज्योति ढुफारे,रेखा गजभिए,थे।रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान सुजाता महिला मंडल संजय नगर के द्वारा आई रमाई ओर बाबा साहेब अंबेडकर विवाह प्रसंग को नाटक ओर डांस के माध्यम से बेहतरीन प्रस्तुतिकरण को दर्शकों से सराहा। आयोजन के दौरान खेलकूद निबंध रंगोली प्रतियोगिता ओर सांस्कृतिक कार्यक्रम के विजेताओं के पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन में बाबारावजी चारे के द्वारा पांच दिवसीय सफल आयोजन के लिए डॉ बाबासाहेब आंबेडकर नवयुवक मंडल को बधाई दी।मुक्ताबाई साल्वे महिला मंडल सौसर की ओर से उत्कृष्ट कार्य के लिए रमाबाई अंबेडकर महिला मंडल एवं सुजाता महिला मंडल संजय नगर का स्मृति चिन्ह देखकर स्वागत सत्कार किया।

## रंगारे वेलफेयर सोसाइटी ने लोगों को कराया भोजन

### डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जयंती पर हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

डॉ बाबा अंबेडकर जयंती के अवसर पर क्षेत्र की स्वयं सेवी संस्था माधोराव रंगारे वैलफेयर सोसायटी रिधोरा विशाल भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। दिनभर चले कार्यक्रम में1000 से अधिक महिलाओं बच्चों युवाओं बुजुर्गों ने भोजन ग्रहण किया।आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए माधवराव रंगारे वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष राहुल रंगारे,सचिव आंनद शेंडे, कोषाध्यक्ष मुकेश बागड़े ने बताया कि डॉ बाबा साहेब आंबेडकर की 133 वी जयंती पर बोर्ड आफिस चौराहे पर आने वाले लोगों के लिए स्टॉल लगाकर भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के द्वारा यह आयोजन प्रतिवर्ष अंबेडकर जयंती के अवसर पर यहां लगातार किया जा रहा है। इस दौरान 10000 से अधिक लोगों को भोजन वितरण किया गया। आयोजन मेंसंस्था से श्रीमती विजश्री रंगारे,संतोष बागड़े, राहुल ढोके, कैलाश मानेकर, दीपक तिरपुड़े,डॉ. मिलिंद गजभिये, संजय रामटेके, राहुल बागड़े,प्रेम रंगारे,रोशन बंसोड,जीतेन्द्र नागले, धम्मदीप भगत,नरेन्द्र मेश्राम, प्रकाश गोलाईत, दशरथ गजभीये,दीपिका बागड़े, उषा जाम्भुलकर, सोनू रंगारे रूचि बागड़े, प्राची बागड़े, सोनू रंगारे, सीमा मेश्राम, कंचना शेंडे, पुष्पा लोखंडे,अरविन्द बंसोड, राहुल ढोक, प्रेम रंगारे, मिलिंद गजभिये, निक्की गोलाईत अंकित रंगारे, आदि का विशेष सहयोग रहा है।

## पीपलानारायणवार के घर में लगी, आग पति-पत्नी झूलसे

### घर गृहस्ती का समान हो गया जलकर राख



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मंगलवार की सुबह अचानक पिपला के वार्ड नंबर 12 स्थित प्रमोद येलकर के घर में सुबह 5 लगी आग से घर गृहस्ती का सामान पूरी तरह बर्बाद हो गया। जिस समय आग लगी उसे समय घर मे 5 लोग थे। आग की घटना में पति-पत्नी रूप घायल हुए जिन्हें उपचार के लिए नागपुर भेजा गया है। अचानक लगी आग से घर से निकल रहे धुंए को देखकर पड़ोसियों के द्वारा नगर पंचायत प्रशासन को सूचना दी गई।इसके बाद में फायर ब्रिगेड एवं पड़ोसियों के मदद से आग पर काबू पाया गया है। अचानक लगी आग में प्रमोद एलकर परिवार काघर गृहस्ती का सामान पूरी तरीके से जलकर खाक हो गया है। कच्चे मकान होने के कारण आग ने जल्दी भयानक रूप धारण कर लिया था। आग कैसे लगी इसका पता नहीं चल पाया है।अचानक लगी आग के चलते घर के अंदर रह रहे 5 लोगों को संभालने का मौका नहीं मिला और लोग घर के लोग फंसे रह गए थे। घर के अंदर फंसे हुए लोगों के द्वारा पुकारने के बाद युवा कैलाश ठाकरे,बंटी गुडदे,गजानन कोचे के सहयोग से घर के अंदर फंसे हुए लोगों को बाहर निकल गया है। जिसमें पति-पत्नी आंग से झुलस गए हैं।जिन्हें इलाज के लिए नागपुर रेफर किया गया है। घर में भीषम आग के चलते एक और जहां घर गृहस्ती का पूरा सामान जलकर राख हो गया है। वही अब एलकर परिवार के सामने 2 जून की रोटी का का सवाल खड़ा हो गया है।परिवार के द्वारा शासन प्रशासन से मुआवजा और जल्द से जल्द आर्थिक सहयोग की मांग की जा रही है।

## मां खेड़ापति माता के दरबार में 21 मीटर की चुनरी चढ़ाई

**दमुआ।** अर्धनारेश्वर धाम मंदिर में मंदिर दमोह नंबर 8 अप्पूहाल के पीछे से दिनांक 16 अप्रैल दिन मंगलवार को चैत्र नवरात्रि की अष्टमी के शुभ पावन अवसर झिरी घाट के हनुमान मंदिर समिति से जुड़े भक्त जनों और वार्ड वासियों नागरिकों एवं भक्तजनों भक्त श्रद्धालुओं के सहयोग से 21 मीटर चुनरी यात्रा बैंड बाजे के साथ नाचते गाते माता रानी जी को श्री खेड़ापति मंदिर में चुनरी भेंट की गई। चुनरी यात्रा में भारी संख्या में भक्त श्रद्धालु जन सम्मिलित थे जिन्होंने नाचते गाते हुए माता रानी के दरबार में चुनरी चढ़ाई।



### अष्टमी पर हुआ हवन पूजन, बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

# श्री बड़ी माता मंदिर में हुआ गऊगोपाल का विशेष श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा देश में चल रहे जगतगुरु शंकराचार्य शारदा पीठाधीश्वर स्वामी श्री 1008 अविमुक्तेश्वरानंद जी सरस्वती महाराज के अभियान के तहत समस्त विश्व की गौरव गौ माता को राष्ट्र माता बनाए जाने संकल्प बध हेतु अभियान के प्रति प्रयासरत है। वही अभियान को देखते हुए। चैत्र नवरात्र के पावन अष्टमी महापर्व में बड़ी माता मंदिर ट्रस्ट के सेवादारों द्वारा विशेष प्रयासों से श्री द्वारकाधीश स्वरूप , गौ रक्षार्थ चित्रण एवम गौ माता को राष्ट्रमाता बनाए जाने हेतु यह एक विशेष निवेदन किया गया है। हमारा गौरव गौ माता ही हैं , जो संपूर्ण श्रृष्टि का



पालन पोषण अपने हर एक वस्तु विशेष से करती हैं। आप सभी जिसके परिचायक हैं। पृथ्वी में मानव जीवन के कल्याण उत्थान हेतु गौ माता बच्चे की तरह पालन पोषण करती है। इसलिए अपनें जीवन में प्रतिदिन गौ माता की सेवा भक्ति का संकल्प ले गौ माता को राष्ट्र माता बनाए जाने में अपनी विशेष अपील दर्ज करें। श्रीं बड़ी माता मंदिर ट्रस्ट सामाजिक , धार्मिक , सांस्कृतिक सेवा दृष्टि से हर सेवा कार्यक्रम को करता आ रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया श्री बड़ी माता दर्शन पूजनमंदिर ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी गौरव सोनी ने बताया हमारे भारत सरकार के गृह मंत्री माननीय श्री अमित शाह जी जिन्होंने आज छिंदवाड़ा में भाजपा का प्रचार प्रसार फव्वारा चौक से छोटी बाज़ार रोड़ शो करने हेतु आगमन हुआ। अष्टमी की विषेश तिथि के उपलक्ष्य में जिन्होंने आज छिंदवाड़ा नगर शक्ति पीठ श्री बड़ी माता जी के दर्शन पूजन किया।

## स्वामी शिवोम तीर्थ दुर्गा मंदिर में महा अष्टमी का हवन संपन्न

**छिंदवाड़ा।** चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर स्वामी शिवोम तीर्थ कुंडलिनी महायोग आश्रम दुर्गा मंदिर सिविल लाइन गुरैया रोड में में 351 कलश की घट स्थापना की गई 9 दिन भक्तिमय माहौल में सभी कार्यक्रम संपन्न हुए पंचमी के दिन भव्य महिला मंडल बड़वन द्वारा चुनरी यात्रा निकाली गई कल चैत्र नवरात्र की महाअष्टमी पर हवन किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालु सम्मिलित हुए और पुण्य लाभ अर्जित किया । आज दोपहर 12:00 बजे से कन्या पूजन व विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा व शाम 5:00 बजे से कलश विसर्जन मंदिर परिसर में ही किया जाएगा शहर की सभी मातृ शक्तियों से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में भंडारे व कलश विसर्जन में सम्मिलित हों।



## नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने पूजा लॉन में जागृत युवा संवाद को किया संबोधित

# एनएसयूआई के 500 बूथ स्तरीय पदाधिकारियों ने भाजपा की ली सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा




नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा मैं प्रयास करता हूं कि युवाओं से ज्यादा से ज्यादा मिलूं, उनसे बात करूं, उनके अनुभव सुनूं. उनकी आशाएं आकांक्षाएं जानकर, उनके मुताबिक कार्य कर सकूं। उन्होंने कहा युवा पीढ़ी के साथ किसी भी तरह का संवाद हो, उनसे हमेशा कुछ ना कुछ सीखने को मिलता है,और इसलिए मैं यथासंभव प्रयास करता हूं कि युवाओं से ज्यादा से ज्यादा मिलूं, उनसे बात करूं, उनके अनुभव सुनूं। उनकी आशाएं, उनकी आकांक्षाएं जानकर, उनके मुताबिक कुछ कार्य कर सकूं, और इसके लिए मैं निरंतर प्रयास करता रहता हूं। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा अगर हम अपने देश के स्वतंत्रता आंदोलन पर ध्यान दें, उन्नीसवीं और बीसवीं शताब्दी के उस कालखंड पर गौर करें, तो पाएंगे कि उस समय भी अलग-अलग स्तर पर एक संयुक्त संकल्प देखने को मिला था। ये संयुक्त संकल्प था देश को गुलामी की जंजीरों से मुक्त करने के लिए। तब संत हो या भक्त हो, आस्तिक हो या नास्तिक हो, गुरु हो या शिष्य हो, श्रमिक हो या प्रोफेशनल हो; समाज के सभी अंग एक ही संकल्प से जुड़े, इसी संकल्प से जुड़ गए थे। उन्होंने कहा साथियों, लगभग यही वो दौर था जब अलग-अलग क्षेत्रों से बड़ी संख्या में छात्र और पेशेवर स्वतंत्रता संग्राम में शामिल हुए, वकील हो, शिक्षक हो, वैज्ञानिक हो, डॉक्टर हो, इंजीनियर हो। इन पेशेवरों ने देश के स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी और स्वतंत्रता के बाद भी राष्ट्र निर्माण की नींव मजबूत की। उन्होंने कहा जब एक साथ दो प्रयास चले तो देश बौद्धिक और सामाजिक रूप से उठ खड़ा हुआ और भारत के एकजुट लोगों ने अंग्रेजों को खदेड़ करके ही दम लिया, स्वतंत्रता के संयुक्त संकल्प को सिद्ध करके दिखाया। उन्होंने कहा स्वतंत्रता के अनेक दशकों के बाद अब देश में एक बार फिर वैसी ही संकल्प शक्ति उजागर हो, वैसी ही संकल्प शक्ति नजर आए, और नजर आ रही है। और उस संकल्प शक्ति के कभी-कभी दर्शन भी होते हैं।

## आंबेडकर जयंती पर निकाली शोभायात्रा



**दमुआ।** भारतीय मजदूर संघ म.प्र.माझी मछुआ नाविक श्रमिक संघ के द्वारा 14 अप्रैल डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर शोभायात्रा का भव्य स्वगत दमुआ प्रीति पुल मछली मार्केट परिसर क्षेत्र में किया गया तथा माझी समाज के सम्मानित वरिष्ठ जन एंव माताएँ बहनों के द्वारा स्वल्पहार कि व्यवस्था कि गई ।

## 6 लाख से ज़्यादा की शराब और लाहन बरामद, पांढुर्ना आबकारी ने की प्रभावी कार्यवाही



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

लोकसभा चुनावों के मतदान से कुछ दिनों पूर्व ही आबकारी ने शराब तस्करों को बड़ा नुक़सान पहुँचाया। पांढुर्ना वृत्त प्रभारी एडीईओ जीएल मरावी के नेतृत्व में कुल चार प्रकरण दर्ज कर छह लाख से ज्यादा की शराब और लाहन नष्ट किया। इस आबकारी अमले ने ग्राम घोगरी के शराब के अड्डों से दो हजार किलो लाहन और चालीस लीटर शराब बरामद की। जबकि उमरामुकता के अड्डों से चार हजार किलो लाहन और तीस लीटर शराब बरामद कर मामला दर्ज किया गया। इस कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक नरेंद्र नागेश, आरक्षक जितेंद्र सिंह, अमृत खवसे, मुकेश कुमार, उत्कर्ष ठाकरे, भावना हेडाऊ और श्रद्धा रहंगदले उपस्थित थे।

# उल्लास से मनेगी श्रीरामनवमीं, शाम को निकलेगी शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

पांढुर्ना के हृदय स्थल गुजरी बाजार में स्थित 250 वर्षो से अधिक प्राचीन श्रीराम मंदिर में प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी रामनवमी का उत्सव कल 17 अप्रैल को जोरशोर से मनाया जाएगा। श्री राम मंदिर में सुबह की आरती के बाद 9:00 बजे श्रीरामनाम सरकार (स्तंभ) का अभिषेक होगा। 10 बजे से 12:00 बजे तक भजन कीर्तन एवं प्रवचन होगा। दोपहर 12 बजे श्रीरामजी का प्रगटोत्सव मनाया जाएगा। भगवान श्री रामचंद्र की भव्य शोभायात्रा श्रीराम मंदिर गुजरी चौक पांढुरना से संध्या 7:00 बजे की आरती के उपरांत निकलेगी जो ब्राह्मणी, स्वामी विवेकानंद चौक, छत्रपति शिवाजी महाराज चौक, तीन शेर चौक से जयस्तंभ चौक, टेकडी वार्ड हनुमान मंदिर से अन्नाभाऊ साठे चौक से श्रीराम मंदिर रात्रि 10 बजे के बाद पहुंचेगी।शोभायात्रा मार्ग मे भक्तजनों द्वारा जगह-जगह स्वागत द्वार लगाए जा रहे है। शोभायात्रा के साथ भजन कीर्तन, डिंडी मंडली, ढोल बाजे होंगे। अनेक मंडलो एवं समाजों नीर्मित झांकियां शोभायात्रा के साथ चलायमान होगी। श्री राम मंदिर गुजरी चौक प्रबंधन ने श्री रामनवमी उत्सव में महोत्सव में अधिक से अधिक नागरिकों से शामिल होने की मांग की है।

# श्रीजी की रथ यात्रा से प्रारंभ हुआ पंचकल्याणक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

चैत्र सुदी अष्टमी मंगलवार 16 अप्रैल के शुभ दिन जिनशासन के मंगलगान सहित नेमीनाथ भगवान की जयघोष से धर्म नगरी शिवपुरी गुंजामान हो उठी मंगलमय प्रसंग था श्री 1008 नेमीनाथ दिगंबर जिनबिंब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के शुभारंभ का जिसका मंगलमय शुभारंभ श्री जिनेन्द्र रथ यात्रा से हुआ।महोत्सव के महामंत्री मनोज जैन एवं मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन ने बताया की प्रातःकाल की मंगल बेला पर सकल दिगम्बर जैन समाज के साथ महोत्सव समिति के श्रावक - श्राविकाएं क्षत्री स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर पहुंचे जहां श्रीजी को चांदी के रथ में विराजमान कर गजराज पर बाल तीर्थंकर के माता पिता के साथ मंगलगान के साथ नगर भ्रमण करते हुए महोत्सव स्थल शौरीपुर नगरी गांधी पार्क पंहुचे, जहां श्रीजी का मंगल अभिषेक कर श्री देव - शास्त्र - गुरु भगवंतों की पूजन कर ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर पाठशाला के बच्चों सहित अष्ट कुमारिकाओं ने सुंदर मंगलाचरण कर सभी का मन मोह लिया पश्चात सौभाग्यशाली परिवार द्वारा प्रतिष्ठा मंडप का उदघाटन, प्रतिष्ठा मंच सहित याग मंडल का उदघाटन कर सीमंदर स्वामी, आचार्य कुंदकुंद देव, आचार्य अमृतचंद्र देव, पंडित टोडरमलजी, गुरुदेवश्री एवं बड़े पंडितजी साव रविंद्रजी आत्मन के चित्र का अनावरण कर बाल ब्रह्मचारी पंडीतश्री सुमतप्रकाशजी जैन एवं श्रेणिकजी जैन जबलपुर के मंगल प्रवचनों का लाभ लिया एवं इंद्र इंद्राणियों ने याग मंडल विधान की आराधना की। सम्पूर्ण प्रतिष्ठा विधि युवा प्रतिष्ठाचार्य डॉक्टर मनोज शास्त्री जबलपुर एवं मंच निर्देशन पंडित संजय शास्त्री जेबर कोटा द्वारा किया गया।आज मनेगा गर्भ कल्याणक महोत्सव -स्वागत अध्यक्ष राजकुमार जैन राजू एवं अमित शास्त्री ने बताया की आज महोत्सव के द्वितीय दिवस चैत्र सुदी नवमी बुधवार 17 अप्रैल के शुभ दिन गर्भ कल्याणक महोत्सव मनाया जाएगा।

# शिर्डी सांई मंदिर में विशाल भंडारा आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

सच्चिदानंद सेवा समिति द्वारा रामनवमी के पर्व पर भव्य एवं दिव्य आयोजन किया गया है। सच्चिदानंद सेवा समिति के कार्यक्रम सचिव आनंद बक्षी ने बताया की की श्री शिरडी साई मंदिर में रामनवमी 17 अप्रैल दिन बुधवार को मनाई जायेगी। आनंद बक्षी ने बताया की तरह 17 अप्रैल को प्रातः 5:30 बजे काकड़ आरती की जायेगी। प्रातः 6 बजे बाबा का अभिषेक किया जायेगा। प्रातः 9 बजे से सुधाकर पुराणिक द्वारा साई नाम जप किया जायेगा। प्रातः 10 बजे से पंडित केशव पांडे द्वारा राम जन्म कथा की जायेगी। दोपहर 12 बजे राम जन्म तथा विशेष आरती की जायेगी। दोपहर 12:30 से 3:30 बजे तक महाप्रसाद भोजन भंडारे का आयोजन किया गया है। आनंद बक्षी ने बताया की रामनवमी से शाम की आरती 7 बजे से होगी तत्पश्चात शाम 7:30 बजे बाबा की पालकी श्री गजानन मंदिर तक जायेगी। सच्चिदानंद सेवा समिति के सुधाकर पुराणिक, जयंत बक्षी, अवधूत मोहगावकार, देवराव उपासे, विजेंद्र तिवारी, शिव माते, धर्मेंद्र भार्गव, मनोज वाघमारे, नीरज डोले, नौखेलाल चौरसिया विरेंद्र अल्डक एवं संदीप फिरके ने सभी साई भक्तो से राम नवमी के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्तिथ होकर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया है।

## भाजपा प्रत्याशी की पत्नी ने किया चार गांवों में जनसंपर्क

**छिंदवाड़ा।** भाजपा प्रत्याशी बंटी विवेक साहू की धर्मपत्नी श्रीमती शालिनी साहू ने उभेगांव, भाजीपानी, पिंडरई, पिंडरई खुर्द में जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान श्रीमती शालिनी साहू ने महिलाओं से चर्चा करते हुए कहा, "भारत में हम अपनी विकास की यात्रा में लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण के सभी पहलुओं की पहचान करते हैं। अब हम विकास और गहरे सुधारों पर ध्यान दे रहे हैं, जो साथ मिलकर बदलाव ला रहे हैं। हमारे दूरदर्शी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम महिलाओं के विकास से आगे बढ़कर महिलाओं द्वारा या उनके नेतृत्व में किए जा रहे विकास की ओर आए हैं।" उन्होंने कहा भारत में आज ऐसा सुनिश्चित किया जा रहा है कि जीवन के सभी आयामों में लिंक समानता को सर्वाधिक प्राथमिकता दी जाए। पिछले दस सालों में हमारे कुछ कानूनों ने महिला सशक्तीकरण और बच्चियों की सुरक्षा को काफी संबल दिया। सरकार ने कोरोना काल में महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई कदम भी उठाए। इनमें वन स्टॉप सेंटर्स हैं, जहां एक ही छत के नीचे मेडिकल, साइकोलॉजिकल, लीगल, पुलिस और शेल्टर संबंधी सुविधाएं मुहैया कराई जाती हैं।



## मॉयल बन रही वन्य प्राणियों की मौत का कारण

# तिरोड़ी में आवारा श्वानों के हमले से चीतल की मौत, बारहसिंगा घायल

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



क्षेत्र की मार्यल नगरी तिरोड़ी गुजरी चौक यूनियन ऑफिस के पीछे यानी की गांव के भीतर प्रवेश करने पर वन्य प्राणी चीतल की आवारा श्वानों के हमले से मौत हो गई. जबकि बारहसिंघा नाम का वन्य प्राणी घायल हो गया है. वन्य प्राणी बारहसिंगा आवारा श्वानों को चकमा देने में सफल रहा और जंगल के भीतर चले गया. यह घटना मंगलवार की है. दरअसल, आमतौर पर ग्रामीण इन वन्य प्राणियों को हिरण के नाम से पुकारते है. मानव एकता संस्था से जुड़े जीतू अहीर बताते है कि करीब 2 माह के भीतर 15 हिरण की मौत हो चुकी है. वन्य प्राणियों की मौत के पीछे का प्रमुख कारण भोजन की तलाश में जंगल से भटक कर गांव के भीतर आना और आवारा श्वानों के हमले का शिकार होना है. मगर, दूसरी बड़ी वजह मॉयल की बाउंड्रीवॉल है जिसकी ऊचांई इतनी अधिक है कि जंगल से वन्य प्राणी गांव के भीतर आ तो जाते है. मगर, फिर गांव की तरफ से बाउंड्री वॉल फादकर वापस जंगल की ओर नहीं जा पाते. जीतू अहीर ने बताया कि वन्य प्राणियों की लगातार होने वाली मौतों को देखते हुए मॉयल से बाउंड्री वॉल की ऊंचाई कम करने के लिए भी कहा गया था लेकिन मॉयल ने इसे गंभीरता से नहीं लिया. वहीं वन विभाग भी वन्य प्राणियों की मौत पर मूकदर्शक बना हुआ है. इस घटना की जानकारी ग्रामीणों ने वन विभाग को दी जिसके बाद वन कर्मचारियों ने मौका स्थल पहुंचकर चीतल के शव को बरामद कर विधिवत अंतिम संस्कार किया। जैसा कि बीते दिनों मॉयल में लीज के विस्तार के लिए पर्यावरण की एनओसी के लिए जनसुनवाई का आयोजन हुआ था. जनसुनवाई में मॉयल अधिकारियें ने पर्यावरण संरक्षण के कई दावे किए थे. मगर, आज मॉयल की हठधर्मिता के चलते वन्य प्राणियों की लगातार मौतें हो रही है. अगर, मॉयल ग्रामीणों की बातों को गंभीरता से लेता जैसा कि जीतू अहीर का मानना है कि बाउड्रीवॉल की ऊंचाई में थोड़ा परिवर्तन कर दे तो शायद वन्य प्राणियों की मौतों पर काफी हद तक अंकुश लग सकता है. उल्लेखनीय है कि जंगल में वन्य प्राणियों के संरक्षण को लेकर वन विभाग भी बहुत अधिक गंभीरता नहीं दिखा रहा है. यही वजह है कि वन परिक्षेत्र कटंगी के वन क्षेत्र से आए दिन शाकाहार और मांसाहार वन्य प्राणी आबादी तक आ रहे है. मिश्रित वनों में कटौती होने के कारण वन्य प्राणी लगातार भोजन पानी की तलाश में भटक रहे हैं।

## बाबा साहेब अम्बेडकर ने कठिन परिस्थितियों के सामने कभी हार नहीं मानी-विवेक पटेल

# बाबा साहेब अम्बेडकर की जयंती पर नगर में निकाली गई रैली

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



आधुनिक भारत के निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर नगर के सामाजिक बन्धुओं द्वारा नगर के एफसीआई गोदाम के सामने से एक विशाल रैली निकाली गई। जो एफ सी आई गोदाम से दीनदयाल चौक, बस स्टेण्ड, जय स्तम्भ चौक, नेहरु चौक, दुर्गा मंदिर चौक, अम्बेडकर चौक, गाँधी चौक, राधाकिशन लाईब्रेरी, गोलीबार चौक होते हुए अंबेडकर चौक पहुंची। जहाँ मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रैली के दौरान जय भीम और जय भारत के जय घोष से शहर गूंजता रहा। वहीं डीजे की धुन पर बाबा साहेब के समर्थक नाचते गाते हुए रैली में चल रहे थे। अंबेडकर चौक पर पहुँचने के बाद अंबेडकरवादियों ने बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उसके बाद फिर रैली नेहरु चौक, जय स्तम्भ चौक, बस स्टैंड, दीनदयाल चौक होते हुए वापस एफसीआई मैदान पहुँची। जहाँ पर मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रैली के नगर भ्रमण के दौरान मुस्लिम समाज के सदर इकबाल कुरैशी, कांग्रेसजनों ने ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भोजेश्वर पटले व राहुल गाँधी विचार मंच के जिलाध्यक्ष जावेद अली के नेतृत्व में रैली में चल रहे बौद्ध समाज के लोगों को शरबत वितरण किया।

इसके पूर्व आंबेडकरवादियों द्वारा प्रातःकाल बाईक रैली निकाली गई। यह बाईक रैली एफसीआई मैदान के सामने से सुबह लगभग साढ़े 8 बजे निकाली गई। जो नगर के दीनदयाल चौक, वार्ड नं. 4 रेल्वे क्रासिंग से वापस दीनदयाल चौक, जय स्तम्भ, लालबर्रा रोड, नेहरु चौक, कटंगी मार्ग,सब्जी बाजार, आंबेडकर चौक, गोलीबार चौक, रामपायली रोड से होते हुए एफसीआई गोदाम के सामने मैदान पर पहुँची। इस रैली के दौरान बाईक चालक युवाओं द्वारा जय भीम, आंबेडकर की जय आदि के नारे लगाए जाते रहे। बाबा साहेब डॉक्टर अम्बेडकर जयंती के अवसर पर वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल नगर के अम्बेडकर चौक पहुँचे। जहाँ उन्होंने बाबा साहेब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर राजा अली, अनिल पिपरेवार, हरी क्षीरसागर, अनीस बेग, पार्षद प्रवीण डोंगरे, अतुल खापर्डे आदि अनेंक लोग उपस्थित रहे। उसके बाद विधायक श्री पटेल अपने साथियों के साथ नगर के जय स्तम्भ चौक पर पहुँचे, जहाँ बाबा साहेब अम्बेडकर जयंती के अवसर पर बौद्ध समाज द्वारा निकाली गई रैली पर पुष्प वर्षा कर उन्हें स्वल्पाहार वितरण किया गया।

## रामपायली में निकाली गई रैली व कैंडल मार्च



**वारासिवनी।** ज्योतिबा फुले और आंबेडकर जयंती समारोह प्रतिवर्षानुसार रामपायली में ग्राम कटंगटोला, कस्बीटोला, सोनझरा के बौद्ध उपासिका/उपासकों ने संयुक्त रूप से रैली व कैडल मार्च निकाला। रामपायली में सम्राट अशोक बुध्द विहार समिति रामपायली वार्ड नं 06 में बुध्द वंदना कर समता, शांति, करूणा के साथ झांकी एवं सामाजिक कार्यकर्ता और ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम में सम्राट अशोक बुध्द विहार समिति रामपायली के सदस्यों एवं पदाधिकारी का योगदान सराहनीय रहा।

# माता-पिता और भाई की स्मृति में दान किया बॉडी फ्रीजर




हरिभूमि न्यूज कटंगी।

जनपद पंचायत कटंगी की ग्राम पंचायत जराहमोहगांव सहित आस-पास के अन्य गांवों में अगर किसी व्यक्ति की मौत होती है और उसके स्वजन बाहर है तो मृत व्यक्ति के शव को काफी देर तक सुरक्षित रखा जा सकेगा. दरअसल, ऐसा अब इसलिए संभव हो पाएगा क्योंकि कटंगी नगर के व्यवसायी कोमल पींचा ने अपने परिजनों की स्मृति में ग्राम पंचायत जराहमोहगांव को डेड बॉडी फ्रीजर दान किया है. मंगलवार को कोमल पींचा ने जराहमोहगांव पहुंचकर पंचायत सरपंच योगेश डोंगरे को बॉडी फ्रीजर प्रदान किया. इस दौरान विधायक गौरव सिंह पारधी, हरलाल डहरवाल, जनपद सदस्य प्रतिनिधि शारदा डहरवाल सहित के प्रबुद्धजन मौजूद रहे. कोमल पींचा ने अपने पिता ठाकुर दास पींचा, माता श्रीमती भंवरी बाई पींचा और भाई इंदरचंद पींचा की स्मृति में बॉडी फ्रीजर दान किया है. कोमल पींचा ने इसके पहले ग्राम पंचायत तिरोड़ी को भी बॉडी फ्रीजर दान किया है और एक स्वयं के आवास पर रखा है ताकी जरूरतमंद को समय पर इसका लाभ प्रदान किया जा सकें।

# नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाला आरोपी भेजा गया जेल




**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** सरकारें दरिंदो के चँगुल से मासूमों को सुरक्षित रखने के लिए कड़े से कड़े कानून बना रही हैं, लेकिन दरिंदों पर किसी भी कड़े कानून का कोई भय नजर नहीं आता हैं। जिसके चलते देश भर में नाबालिकाओं के ऊपर अपराध की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं।

अब ऐसी ही एक घटना वारासिवनी थाना क्षेत्र के एक गाँव में घटित हुई हैं। जहॉ पर 15 वर्षीय स्कूली छात्रा के साथ उसी के पड़ोसी 35 वर्षीय 3 बच्चों के बाप ने जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म कर मानवता को शर्मसार कर दिया हैं। इस घटना के आरोपित युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया हैं।

घटना 14 अप्रैल की दोपहर की हैं, जब कक्षा 9 वीं में पढने वाली 15 वर्षीय बालिका सुबह करीब 8 बजे अपने खेत में लगे महुए के पेड़ से महुआ फल चुनने गई थी। जहाँ पर दोपहर करीब 12 बजे बालिका के पड़ोस में ही रहने वाले 35 वर्षीय विवाहित युवक, जो 3 बच्चों का पिता हैं, बस्ताराम गम्मूलाल मरठे ने नाबालिका का पीछे से मुँह दबाकर खेत के पास स्थित नाले में ले जाकर उसे जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ जबर्दस्ती दुष्कर्म किया और मौके से फरार हो गया।

घटना के बाद छात्रा जैसे तैसे अपने घर पहुँची और उसके साथ हुई घटना की जानकारी परिजनों को दी। लेकिन उसके पिता नागपूर कमाने के लिए गए हुए थे, इसीलिए इस घटना की खबर परिजनों द्वारा उसके पिता को दी गई। जो घटना की जानकारी मिलने पर तत्काल अपने गॉव पहुँचे और फिर 15 अप्रैल को बालिका को साथ लेकर पुलिस थाना वारासिवनी रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पहुँचे। जहॉ पर घटना की जानकारी मिलने के बाद नगर निरीक्षक वी वी टांडिया ने पुलिस बल भेजकर आरोपी युवक को पकड़ कर लाया और उससे कड़ी पूछताछ की गई। उसके बाद पुलिस ने पीड़ित बालिका का एमएलसी करवा कर आरोपित बस्ताराम गम्मूलाल मरठे के विरुद्ध भारतीय दंड विधान 1860 की धारा 376(3) 506 एवं लैंगिक अपराध से बालकों के संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 3, 4 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपित को गिरफ्तार किया गया हैं। आरोपी का भी मेडिकल चेकअप करवाकर उसे माननीय न्यायालय वारासिवनी में पेश किया गया। जहाँ से माननीय न्यायालय ने आरोपित युवक को जेल भेज दिया हैं।

# भव्य तथा ऐतिहासिक रूप से मनाई गई फुले अंबेडकर जयंती


हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



स्थानीय मुख्यालय में फुले अंबेडकर संयुक्त जयंती के अवसर पर 11 अप्रैल से 14 अप्रैल तक भव्य रूप से मनाया गया जिसमें सर्वप्रथम 11 अप्रैल को फुले जी की जयंती के अवसर पर पहली बार इस क्षेत्र में विशाल वाहन रैली की गई 12 अप्रैल को प्रतियोगिता परीक्षाएं रखी गई थी 13 अप्रैल को डॉक्टर अंबेडकर जी का जन्मोत्सव धूमधाम से आतिशबाजी करते हुए मनाया गया तत्पश्चात अंतिम दिन 14 अप्रैल को विश्व रत्न संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर सुबह 10 बजे से अंबेडकर नगर स्थित महाप्रज्ञा बुद्ध विहार से भव्य रूप से चल समारोह निकाला गया जो बिरसा मुंडा चौक से अंबेडकर चौक पहुंचा तत्पश्चात रानी दुर्गावती चौक में पुष्प अर्पित कर नगर भ्रमण करते हुए बस स्टैंड से होकर पुराने पेट्रोल पंप से होकर डॉक्टर अंबेडकर पार्क पहुंचा जहां पर डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर पूजा वंदना की गई जिसके बाद सभी फुले अंबेडकर अनुयाई थाने के सामने सिविल लाइन ग्राउंड में पहुंचे सिविल लाइन ग्राउंड में कार्यक्रम के माध्यम से वक्ताओं ने महात्मा ज्योतिबाराव फूले तथा डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जी के जीवन एवं उनके बताए गए मार्गो के बारे में स्थानीय जन समुदाय को बताया तत्पश्चात प्रतिभावान छात्रों को पुरस्कृत तथा वरिष्ठ समाजसेवियों का सम्मान किया गया इसके बाद शाम को क्षेत्र का पहला आर्केस्ट्रा न्यू फ्रेंड्स म्यूजिकल ग्रुप के गायक संजू लाकड़े, आबिद कुरैशी, सैफ खान, राकेश परवार, गायत्री पंचतिलक, सुमन बघेल, मंजू बोरकर,सिद्धार्थ मेश्राम एवं साथियों के द्वारा बाबासाहेब, महात्मा ज्योतिबा राव फुले एवं बहुजन महापुरुषों पर आधारित गीत संगीत प्रस्तुत की गई उक्त भव्य समारोह फुले अंबेडकर जयंती समारोह समिति के तत्वाधान में मनाई गई थी जिसके अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी एम एल चौरे ,सचिव शेखर अहिरवार व संरक्षकगण ए आर वैद्य, पीएम बेले,के आर सोनटेके, तुलसी बोहत, शिवशंकर यादव, परसराम चीचखेड़े, आर एल वासनिक थे दोनों महापुरुषों की संयुक्त जयंती समारोह क्षेत्र में पहली बार ऐतिहासिक तथा भव्य रूप से मना कर सफल किए जाने के लिए सभी ने समस्त क्षेत्र वासियों का आभार व्यक्त किया।

# आज मनाया जायेगा राम लला का जन्मोत्सव–निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**जिला मुख्यालय में वर्षो से भगवान श्री राम के जन्म उत्सव के पर्व पर 4 दिवसीय आयोजन गाँधी चौक में किये जाते है, विगत 3 दिनों से हर दिन रात 8 बजे भव्य भगवान राम दरबार में माता जानकी,भगवान लक्ष्मण, पवनपुत्र हनुमान जी के प्रतिमा के समक्ष विशाल जन समुदाय द्वारा राम जी की सगीतमय महाआरती आयोजित हो रही है, जिसमे हजारो महिला, पुरुषों के साथ बड़ी संख्या में युवाओं की भी उपस्थिति रहती है।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

राम जन्म उत्सव समिति से मिली जानकारी के अनुसार 17 अप्रैल को दोपहर 12 बजे श्री राम मंदिर परिसर गांधी चौक में भगवान राम लला का जन्मोत्सव पूरे विधि विधान के साथ प्रकांड पंडितों के सान्निध्य में होगा, दोपहर में हवन पूजन के बाद शाम 4 बजे गांधी चौक से एक विशाल श्रीराम शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो काली चौक से बरघाट नाका, गणेश मंदिर होते पुनः गांधी चौक शुक्रवारी होते हुए नेहरू रोड से गिरजा कुंड, दुर्गा चौक, मठ मन्दिर तालाब से होते हुए छिन्दवाड़ा चौक, गणेश मंदिर, महावीर मढिया, शंकर मढिया, नगर पालिका चौक से होते हुए पुनः नेहरू रोड से गांधी चौक वापिस होगी, जहां रात्रि में सभी भक्तजनों के प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रखा गया है। समिति ने सभी सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक संगठनों, युवाओ, महिलाओं व सनातनियो से इस विशाल शोभायात्रा में शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित करने का अनुरोध किया है।

### आज राजराजेश्वरी मन्दिर से निकलेगी कलश यात्रा

सनातन धर्म के सबसे बड़े पर्व चैत्र नवरात्रि पर श्री माता राजराजेश्वरी मंदिर दुर्गा चौक सिवनी में विधिवत साज सज्जा एवं व्यवस्था नगर में आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। सिद्ध पीठ माता राजेश्वरी मंदिर मे 561 जवारे कलश स्थापित है। प्रतिदिन मंदिर में सुबह 6.30 बजे सहस्त्राचन एवं दुर्गा सप्तशती के पाठ चल रहा हैं। भक्तों के अपार जन समूह रात्रि 8.30 बजे आरती में शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त कर रहा है।

मां भगवती का श्रृंगार पूरे 9 दिन अलौकिक रूप से किया जा रहा है, इसी श्रृंखला में 16 अप्रैल दोपहर 3 बजे भक्त जनों के द्वारा हवन पूजन किया गया, तो वहीं 17 अप्रैल को 4 बजे से कलश धारण करने वाली माता बहनों को ओली वितरण एवं 7 बजे से मां भगवती के कलशों की शोभायात्रा दुर्गा चौक मंदिर से मठ मंदिर तालाब तक निकाली जावेगी एवं वहां पर कलश विसर्जन कार्य किया जाएगा। सभी माताए बहने एवं समस्त सनातन धर्म प्रेमी एवं भक्तजन सपरिवार इस शोभायात्रा में शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त करे। सभी कलश सेवा देने वाली माता बहनो से श्री माता राज राजेश्वरी मंदिर समिति व मंदिर से जुड़े हुए भक्तों की ओर से प्रसादी सेवा में साड़ी व श्रृंगार सेवा दी जायेगी।

### रामनवमी पर्व पर पूजन आज

सिवनी। बरई चौरसिया समाज कल्याण समिति सिवनी के तत्वाधान में रामनवमी पर्व के अवसर पर पूजन कार्यक्रम रखा गया है। आयोजन समिति ने बताया कि लगभग 73 वर्षो से अधिक समय से रामनवमी को पूजन एवं सामूहिक विवाह की परंपरा रेलवे क्रॉसिंग बरघाट रोड बरई बाबा मंदिर में रही है 17 मार्च को बरई बाबा मंदिर में प्रातः 10 बजे से हवन पूजन के उपरांत भोजन एवं प्रसादी का दोपहर 1 से 4 बजे तक चौरसिया मंगल भवन बरघाट रोड सामाजिक भोज में रखा गया है। ज्ञातव्य है कि बरघाट रोड स्थित बरई बाबा मंदिर में विगत 56 वर्षों से कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे है समिति के अध्यक्ष विजय गोलू चौरसिया ने सामाजिक बंधुओं से सभी कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

# लापता बच्चों को लखनवाड़ा पुलिस ने तलाश कर परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

लखनवाड़ा थाना अंतर्गत गांव के एक नाबालिक बच्ची व अन्य लापता हुए बच्चों को पुलिस ने तलाश कर उनके परिजनों को सौंप दिया है। नाबालिक बच्चे 14 अप्रैल को दोपहर 1 बजे घर से बिना बताए कहीं चले गए थे जिसके चलते बच्चों के माता-पिता परिजन अत्यधिक परेशान वह चिंतित हुए जिन्होंने अपने नाबालिक बच्चों के लापता होने की सूचना लखनवाड़ा थाने में दी जिसके चलते लखनवाड़ा पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अपनी तत्परता दिखाते हुए नाबालिक बच्चों की पतासाजी कर बच्चों को उनके माता-पिता के सुपुर्द किया। इस मामले में लखनवाड़ा पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि 14 अप्रैल को दोपहर 1 बजे घर से बिना बताए बच्चे कहीं चले गए थे जिसमें से दो बच्चों के पास मौजूद मोबाइल की लोकेशन के आधार पर तलाशी की गई। जिसके चलते 15 अप्रैल को बच्चे कहां पर हैं इसकी जानकारी लग सकी।

इसी प्रकार पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मार्च माह में 20 मार्च 2024 को रात में नाबालिग लडकी के गुम होने की रिपोर्ट भी दर्ज की गई थी। जिस पर अपराध पंजीबध्द किया गया। व लगातार तलाश पतासाजी कर 15 अप्रैल 2024 को गुम नाबालिग लड़की मिली। उक्त सभी नाबालिग बच्चो की तलाश पतासाजी हेतु टीम गठित कर अलग अलग स्थानो पर टीम भेजकर अपह्तो की तलाश पतासाजी के हरसंभव प्रयास कर बच्चो की दस्तयावी की गयी हैं। थाना लखनवाडा के अपराध क्रमांक 179/2024 धारा 363 ता.हि. व अपराध क्रमांक 180/24 धारा 363 ता. हि. दिनांक 14/04/2024 व अपराध क्रमांक 126/24 धारा 363 ता. हि. का दिनांक 20/03/2024 को मामला पंजीबद्ध की कर विवेचना में लिया था। इस कार्य में निरी.सी. के. सिरामे, उनि. प्रमोद भारव्दाज, उनि. कोमल टोप्पो, सउनि. नानकराम पाल, सउनि. हरिओम भारव्दाज, योगेन्द्र चौहान, राजेश माथरे, रेवाराम रघुवंशी, आत्माराम सिमोनिया, नीरज दुबे, शिवदीप ठाकुर, महिला आरक्षक रामवती कडपे, महिला आरक्षक पायल राजपूत, महिला आरक्षक प्रियंका देशमुख का सराहनीय सहयोग रहा।

# सारे काम छोड़ दें सबसे पहले वोट दें : मातृ शक्ति संगठन

**लोकतंत्र के महापर्व में बढ़ चढ़ कर लें हिस्सा..**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

मतदान हमारा लोकतांत्रिक अधिकार ही नहीं बल्कि कर्तब्य भी है। मतदान के प्रति जागरूक बनें एवं अपने मतदान का प्रयोग अवश्य करें। ध्यान रहे मतदान एक ऐसी ताकत है जिससे देश को बदल सकते हैं। चंद पैसों और शराब के बदले अपने कीमती वोट को ना बेचें क्योंकि आप इतने सस्ते नहीं हैं। जो भी मतदाता सोच समझकर एक सही प्रतिनिधि को वोट देता है वास्तव में वही मतदाता भारत देश का भाग्य विधाता है..

# समर कैंप के पूर्व बच्चों को कराया गया धार्मिक, शैक्षणिक, एवं दार्शनिक विजिट

**बरघाट।** ह्यूमन रिसोर्सेस फेडरेशन द्वारा बच्चों के सर्वागीण विकास की दिशा में निरंतर प्रयास किये जाते रहे हैं। इसी तारतम्य में समर कैंप में पंजीकृत विद्यार्थियो का भ्रमण कराया गया। ह्यूमन रिसोर्सेस फेडरेशन एक सामाजिक संगठन है, जो कि महिलाओं एवं बच्चों के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। संगठन द्वारा प्रत्येक वर्ष समर कैंप का आयोजन किया जाता है। सत्र 2024 के 1 मई से 30 मई तक आयोजित कैंप में 250 से अधिक बच्चों ने भाग लिया है।

समर कैंप के पूर्व ही बच्चों को धार्मिक एवं दार्शनिक स्थल जैसे अंबामाई, मॉम्स पैराडाइज गार्डन एंड एडवेंचर पार्क, नर्सरी बामनदेही रोपणी भाग-1, सीलादेही एवं शनिधाम आदि स्थानों का भ्रमण कराया गया।



ह्यूमन रिसोर्सेस फेडरेशन के प्रबंध निदेशक नरेश सिंह राजपूत द्वारा बच्चों में पर्यावरण संरक्षण एवं धार्मिक, शैक्षणिक गतिविधियों के संबंध में इस विजिट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए बताया की इस तरह के भ्रमण हमारे ज्ञान की वृद्धि में सहायक होते हैं। नए स्थानों से हमें नई जानकारी प्राप्त होती हैं जो की हमारे भविष्य में सहायक होती हैं। गुरुकुल प्राचार्य श्रीमति ज्योति राजपूत ने विद्यार्थियों से इन पल को जीने और जानकारी को सहेजकर रखने हेतु प्रेरित किया। मॉम्स गार्डन के मालिक डॉ शहनवाज खान ने विद्यार्थियों के इस भ्रमण के लिए ह्यूमन रिसोर्सस फेडरेशन के नरेश सिंह राजपूत का आभार व्यक्त किया। जहां बच्चों को प्राणियों एवं वन्य जीवों तथा पेड़ पौधों के विषय में जानकारी प्रदान की गई। बच्चों ने ट्रिप का भरपूर मनोरंजन करते हुए लुत्फ उठाया। साथ ही बच्चों ने झूले, लंच एवं पिकनिक मे खुलकर मस्ती की। शिक्षकों द्वारा बच्चों के फोटोज विडियोज बनाए गए। समर कैंप का प्री शूट कराया गया।

आउटिंग के सफल आयोजन में ह्यूमन रिसोर्सस फेडरेशन, गुरुकुल पब्लिक स्कूल स्टॉफ एवं पालकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# बनाथर और कैम्प के बीच घनाई नदी में पुल बनाने की मांग

**बीच में घुनाई नदी और इस कारण आदिवासी गरीब पिछड़े बच्चो की पढ़ाई नही होती ओर गर्भवती माता अन्य बीमारी का इलाज नहीं मिल पाता। असमय कई जान गवा चुकेहैं। नदी में नाव ही सहारा – ग्रामीण जान हथेली में रख कर आना जाना करते है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

ग्रामीणों की यातायात समस्या को देखते हुए मध्यप्रदेश के मुखिया और भारत के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री को समाज सेवी नारायण बैजनाथ सिंह पटेल ने पत्र लिखकर ग्रामीणों की समस्या को अवगत कराया। विकासखंड केवलारी जिला सिवनी के ग्राम पंचायत बनाथार के पोशाक ग्राम कैम्प ,गिनेरा, गोकलपुर और अन्य ग्रामों के आने जाने को कोई मार्ग नहीं है।



ग्रामीण किसानों के लिए आने जाने का माध्यम सिर्फ नाव ही है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन जीने के लिए सड़क मूलभूत सुविधा है। परंतु ग्रामीण और जनप्रतिनिधि अनेक बार पुल बनाने मांग किए पर आज तक ग्रामीणों को मुख्य धारा से नही जोड़ा गया। यह जांच का विषय है। समाजसेवी ने मांग की है कि पुल निर्माण कर ग्रामीणों को मुख्य धारा से जोड़ा जाए।

# विकास खंड एवं जिला स्तर पर आयोजित होंगे ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण कार्यक्रम

**ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के विकासखंड एवं जिला स्तर पर व्यवस्थित आयोजन को लेकर कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित की गई। आयोजित बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार आगामी 25 अप्रैल से 25 मई तक एक माह के लिए विकासखंड स्तर पर कम से कम दो खेलों का पशिक्षण योग्य प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में आयोजित किया जाएगा।**

◆ कलेक्टर श्री सिंघल ने प्रशिक्षण कार्यक्रमों के व्यवस्थित आयोजन को लेकर अधिकारियों के दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

बैठक में विकासखंडवार स्थानीय मांग एवं प्रशिक्षक की उपलब्धता के आधार पर टेबल



टेनिस, बास्केटबॉल,वॉलीवॉल, कबड्डी, कराटे, कुस्ती, खो-खो जैसे खेलों के आयोजन किए जायेंगे। इसी तरह जिला स्तर पर फुटबॉल स्टेडियम में फुटबॉल, एथलेटिक,बैडमिंटन, ताईक्वांडों तथा पुलिस लाईन मैदान में कबड्डी, वालीबॉल, बास्केटबॉल, कराते इसी तरह महावीर व्यायाम शाला में बाक्सिंग, वुशू, जिमनास्टिक, स्केटंग एवं महात्मा गांधी विद्यालय में किकबाक्सिंग तथा तिलक विद्यालय में योग एवं मेजर ध्यानचंद सिथेटिक हॉकी स्टेडियम में हॉकी, कबड्डी खेलों का आयोजन किया जाएगा।

कलेक्टर श्री सिंघल द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम के व्यवस्थित आयोजन को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश उपस्थित अधिकार-कर्मचारियों को दिए हैं। कलेक्टर श्री सिंघल ने अधिकारियों को ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए प्रातः 06 से 7.30 बजे तक तथा शाम में 05 से 07 बजे प्रशिक्षण का आयोजन करने के निर्देश दिए। उन्होंने खेल अभ्यास के बाद बच्चों के लिए स्वल्पाहार व्यवस्था करने के निर्देश शिक्षा एवं खाद विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। कलेक्टर श्री सिंघल ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जिला स्तर पर आयोजित होने वाले प्रशिक्षण के साथ-साथ विकासखंड स्तर पर फास्ट ऐड किट की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए है। इसी तरह प्रशिक्षण स्थल पर साफ-सफाई व्यवस्था के लिए नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। बैठक में सहायक कलेक्टर श्री पंकज वर्मा, जिला खेल अधिकारी मनु धुर्वे, जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस एस कुमरे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर सहित विकासखंडों के समन्वयक तथा खेल प्रशिक्षक उपस्थित थे।

**स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन को लेकर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी**

# अभ्यर्थी, एजेंट के वाहनों की संख्या के निर्धारण, प्रचार-प्रसार, अस्थाई पार्टी बूथ सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश

**भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री क्षितिज सिंघल ने जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के लिए दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144(2) के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये हैं।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जारी आदेशानुसार 19 अप्रैल मतदान दिवस के लिए संपूर्ण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु अभ्यर्थी को एक ही वाहन का उपयोग करना होगा। अभ्यर्थी के एजेंट को एक ही वाहन संपूर्ण संसदीय क्षेत्र हेतु उपयोग में लाना होगा। अभ्यर्थी के कार्यकर्ता एवं दल के कार्यकर्ताओं के उपयोग हेतु प्रत्येक विधानसभा के लिए एक ही वाहन संपूर्ण संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु उपयोग करना होगा। अभ्यर्थी को आवंटित वाहन का उपयोग अभ्यर्थी की अनुपस्थिति में अन्य कोई नहीं कर सकेगा। अभ्यर्थी को आवंटित वाहन में ड्रायवर सहित 05 व्यक्तियों की बैठ सकेंगे। उक्त वाहनों के अतिरिक्त किसी भी नेता द्वारा किसी अन्य वाहन को इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं होगी। अभ्यर्थी को वाहनों के उपयोग के पूर्व उसकी लिखित अनुमति संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर से प्राप्त करना आवश्यक होगा। जिन वाहनों को अनुमति प्राप्त होगी उन वाहनों पर उनके अगले शीशे पर प्रदाय की गई अनुमति आदेश की मूल प्रति चस्पा करना होगा। आवंटित वाहनों पर किसी भी प्रकार का पोस्टर, प्लेकार्ड,बेनर,झंडा लगाने की अनुमति नहीं होगी। उक्त आवंटित वाहनों पर आने वाले व्यय का लेखा-जोखा निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये आय-व्यय रजिस्टर में रखना अनिवार्य होगा,जिसका अवलोकन आयोग के प्रेक्षकों को भी उनके निर्देशानुसार समय-समय पर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थियों को आवंटित वाहनों पर मतदाताओं को ढोए जाने पर भ्रष्ट आचरण अधिनियम 1951 की धारा 133 एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 123 (5) के अधीन दण्डनीय कार्यवाही की जावेगी।

कलेक्टर सिंघल द्वारा जारी आदेशानुसार मतदान दिवस पर मतदान केन्द्र के 100 मीटर की दूरी के भीतर मतदान केन्द्र या किसी भी सार्वजनिक या निजी स्थान के भीतर कोई प्रचार नहीं किया जाएगा। निर्वाचन संपन्न होने तक मतदान केन्द्रों की 100 मीटर की परिधि अंतर्गत कोई भी व्यक्ति मोबाईल, कार्डलेस फोन का उपयोग नहीं करेगा। यह प्रतिबंध पीठासीन अधिकारी, निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक एवं सुरक्षा में लगे अधिकारी-प्रशासनिक अधिकारियों पर लागू नहीं होगा। उक्त अधिकारियों को अपना मोबाईल फोन साइलेंट मोड पर रखना होगा। पोलिंग बूथ के 100 मीटर के भीतर कोई अभियान संबंधित पोस्टर, बैनर नहीं रहेंगे और न ही लगा सकेंगे। इसी तरह मतदान केन्द्र के 100 मीटर की परिधि में ध्वनि-विस्तारकों, मेगा फोन आदि किसी भी उपकरण द्वारा मानवीय स्वर को परिवर्तित करने या पुनः प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं होगी। उल्लंघन के मामले में इस तरह के तंत्र को जब्त कर लिया जाकर संबंधित पर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। मतदाताओं को अशासकीय मतदाता पहचान पर्ची जारी करने हेतु मतदान केंद्रों की परिधि के 200 मीटर के अंदर कोई बूथ स्थापित नहीं किया जाएगा। एक ही परिसर में एक से अधिक मतदान केंद्र होने पर भी ऐसे परिसरों से 200 मीटर की दूरी पर ऐसे मतदान केंद्रों के लिए एक उम्मीदवार का एक ही बूथ बनाया जाएगा। ऐसे बूथ पर केवल एक मेज एवं दो कुर्सियां बिना शामियाना, तंबू के रखी जा सकती हैं। ऐसे बूथ पर केवल 3x1.50 वर्गफीट का बैनर लगाया जा सकेगा। जिस पर अभ्यर्थी का नाम उसका दल एवं चुनाव चिन्ह लिखा जा सकता है। मतदान के दिन मतदान केन्द्र, अभ्यर्थी के बूथ पर बैठने वाले मतदान एजेंट, कार्यकर्ता के लिए यह आवश्यक होगा कि वह उसी मतदान केन्द्र, पडोस के मतदान केन्द्र का वोटर हो और उसके पास साथ में फोटो परिचय पत्र अथवा शासन द्वारा जारी किया गया ऐसा पहचान पत्र हो, जिस पर उसका फोटो लगा हो। इसी तरह निर्वाचक पर्चियां, बिना किसी अभ्यर्थी, दल के निशान, प्रतीक के सादी श्वेत पर्चीयां होंगी। उपरोक्त आदेश के उल्लंघन में भारतीय दण्ड संहित की धारा 188 एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के प्रावधानों एवं अन्य सुसंगत अधिनियमों के अंतर्गत संबंधित के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्यवाही की जावेगी।

# मौत के बाद जागा प्रशासन, खुले नलकूप-बोरवेल में गिरने से होने वाली दुर्घटना को रोकने के लिए जारी हुये दिशा निर्देश

**बोरवेल, कुएं के निर्माण के लिए कम से कम 15 दिन पहले लिखित रूप से सूचित करना होगा**

**रीवा जिले में खुले बोरबेल में गिरने से बच्चे की मौत के बाद जिला प्रशासन हरकत में आ गया है। कलेक्टर क्षितिज सिंघल के निर्देशों के परिपालन में लोक यांत्रिकी विभाग ने अनुपयोगी, खुले नलकूप, बोरवेल में छोटे बच्चों के गिरने से होने वाली दुर्घटनाओं को रोके जाने के संबंध में एडवाईजरी जारी की है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जारी एडवाइजरी अनुसार भूमि, परिसर के मालिकों की बोरवेल, कुएं के निर्माण के लिए सबंधित एसडीएम, जनपद पंचायत सीईओ, नगर पालिका व परिषद के सीएमओ, पंचायत या ग्राम पंचायत के सरपंच, पार्षद को कम से कम 15 दिन पहले लिखित रूप से सूचित करना होगा।

### ड्रिलिंग ऐजेंसियों का पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा

सभी ड्रिलिंग ऐजेंसियों का पंजीकरण जिला प्रशासन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के माध्यम से किया जाना अनिवार्य होगा। बोर, कुएं के मालिक को निर्माण के दौरान साइन बोर्ड लगाना अनिवार्य होगा। इसमें बोर, कुएं के मालिक का नाम, पता ड्रिलिग ऐजेंसी का नाम, पता का उल्लेख किया जाना अनिवार्य होगा। बोर, कुएं के निर्माण के दौरान भूमि के मालिक को चारों ओर कांटेंदार तार की बाढ़ या कोई अन्य उपयुक्त अवरोध खड़ा करना होगा। बोर, कुएं के आवरण के चारों ओर भूमि मालिक को सीमेंट, कांक्रीट प्लेटफार्म का निर्माण कराना होगा।

### मरम्मत के मामले में ट्यूबवेल को खुला नहीं छोड़ सकेंगे

बोर, कुएं के निर्माण के बाद भूमि मालिक, ड्रिलिंग ऐजेंसी को स्टील प्लेट को बेल्डिग कर या बोल्ट और नट के साथ केसिंग पाइप पर एक मजबूत केप लागाकर वेल असेंबली की केपिंग करना होगा। कुएं या बोर के मालिक को पंप की मरम्मत के मामले में ट्यूबवेल को खुला नहीं छोड़ा जाना होगा। इसके अतिरिक्त मरम्मत कार्य पूर्ण होने के बाद मिट्टी के गढ़्ढ़ो और नालियों को भरना होगा। अनुपयोगी बोर, कुएं को मिट्टी, रेत, बोल्डर, कंकड, ड्रिल कटिंग आदि से भरना होगा। ड्रिलिंग कार्य पूर्ण होने के बाद जमीन की स्थिति पूर्ववत करना। ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामवार बोर, कुएं निर्माण के बाद उपयोग में आने वाले बोर, कुओं की संख्या, अनुपयोगी बोर, कुओं की निगरानी, दस्तावेजीकरण ग्राम पंचायत, कृषि विभाग के माध्यम से किया जाएगा।

### जानकारी उचित माध्यम से जिला स्तर पर भी प्रेषित की जाएगी

शहरी क्षेत्रों में उपरोक्त निगरानी, दस्तावेजीकरण नगरपालिका, परिषद, पंचायत द्वारा किया जाएगा। इसकी संख्यात्मक जानकारी उचित माध्यम से जिला स्तर पर भी प्रेषित की जाएगी। ग्रामीण क्षेत्र में यदि कोई बोर, कुंआ किसी भी स्तर पर अनुपयोगी हो जाता है तो इसका एक प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत, कृषि विभाग व शहरी क्षेत्र में नगर पालिका परिषद, पंचायत को देना होगा। इसमें इस आशय का स्पष्ट उल्लेख होगा कि परित्यक्त, अनुपयोगी बोरवेल को जमीनी स्तर तक ठीक प्रकार से भर दिया गया है। कार्यकारी ऐजेंसी, विभाग द्वारा प्रतित्यक्त, अनुपयोगी बोरवेल का आकस्मिक निरीक्षण कर दस्तावेजों को संधारित किया जाएगा। इन दिशा-निर्देशों के उल्लंघन पर गांव व नगर के लोगों द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में स्थापित कंट्रोल रूम पर शिकायतें दर्ज कराई जा सकती हैं।

**खबर संक्षेप**

### जिले की सीमाओं के भीतर धारा-144 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**बालाघाट।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान जिले की राजस्व सीमाओं में लोक शांति कायम रखने एवं आमजन की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर व जिला दंडाधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए है। जिसके अंतर्गत जिले में 17 अप्रैल शाम 6 बजे से 20 अप्रैल सुबह 8 बजे तक की अवधि के के लिए जिले की सीमाओ के भीतर प्रतिबंधात्मक आदेश लागू होंगे। इस आदेश के अनुसार कोई भी व्यक्ति, समूह संगठन, संस्था, राजनैतिक दल, अभ्यर्थी इत्यादि बिना सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के किसी प्रकार की सभा, बैठक, रैली, जुलूस आदि का आयोजन किसी भी सार्वजनिक स्थान पर नहीं कर सकेगा। किन्तु अभ्यर्थी द्वारा किये जाने वाले घर-घर जनसम्पर्क कार्यक्रम, निजी वैवाहिक कार्यक्रम से संबंधित प्रोसेशन आदि इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे। वहीं ऐसे व्यक्ति, जो निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता नहीं है वे मतदान से 48 घण्टे पूर्व ही निर्वाचन क्षेत्र छोड़ देंगे। 48 घण्टे की अवधि में लाउडस्पीकर, मेगाफोन का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### प्रेसवार्ता लेकर सामाजिक जनप्रतिनिधियों ने जताई नाराजगी

# सर्व आदिवासी समाज को गुमराह कर रहे निर्दलीय प्रत्याशी कोर्राम

## समाज को गुमराह करके कांग्रेस के वोट बैंक को नुकसान पहुंचाने की जा रही कोशिश

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत बालाघाट-सिवनी संसदीय सीट पर 19 अप्रैल को मतदान होना है, इसके पूर्व आदिवासी समाज निर्दलीय प्रत्याशी के उस बात से आहत है जिसमें वे सर्व आदिवासी समाज का प्रत्याशी होने का जिक्र कर रहे है, इसी को लेकर आदिवासी समाज के जनप्रतिनिधियों ने बैहर में 16 अप्रैल को प्रेसवार्ता ली और कोर्राम को सर्व आदिवासी समाज का समर्थन होने से इंकार किया साथ ही कांग्रेस के पक्ष में उन्होंने आदिवासी वर्ग का झुकाव होने की बात कही। बीते दिनों निर्दलीय प्रत्याशी भुवनसिंह कोर्राम ने इनमें से कुछ जनप्रतिनिधियों का नाम लिया था और कहा था कि वे भी उनके समर्थक है जिससे उनके इस बयान पर आदिवासी समाज के जनप्रतिनिधियों की नाराजगी भी सामने आई जिसमें उन्होंने इसे सर्व आदिवासी समाज को गुमराह करने का आरोप लगाया। प्रेसवार्ता के दौरान लोकसभा समन्वयक द्रोपकिशोर मेरावी, सर्व आदिवासी समाज जिलाध्यक्ष दिनेश धुर्वे, संदेश सैयाम जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष, सविता धुर्वे बिरसा जनपद अध्यक्ष, सुशीला सरोते पूर्व जनपद अध्यक्ष, नेहासिंह जनपद सदस्य बैहर, दलसिंह पन्द्रे जिला पंचायत सदस्य, महेश मरकाम जिला पंचायत सदस्य, श्री ताराम, धरमसिंह मरकाम सहित अन्य उपस्थित थे।

### कांग्रेस के वोट बैंक को नुकसान पहुंचाने की कोशिश : द्रोपकिशोर

वार्ता के दौरान आदिवासी सामाजिक कार्यकर्ता एवं कांग्रेस लोकसभा जिला प्रभारी द्रोपकिशोर मेरावी ने कहा कि निर्दलीय प्रत्याशी भुवनसिंह कोर्राम को सर्व आदिवासी समाज के प्रत्याशी के तौर पर चिन्हित किया जा रहा है यह गलत है, आदिवासी समाज सभी राजनीतिक दल एवं सामाजिक संगठनों में है कोर्राम के प्रत्याशी बनाने को लेकर जब आदिवासी समाज की बैठक हुई तो सभी को नहीं बुलाया गया था, उनके चहेते या समर्थकों को बुलाया गया और उन्होंने अपना नाम प्रस्तावित किया जिससे वे सर्व आदिवासी समाज को गुमराह कर रहे है कि मुझे सर्व आदिवासी समाज का समर्थन है। जो भुवनसिंह के साथ नहीं हे वे समाज के साथ नहीं है ऐसा कहा जा रहा है तो ऐसा करना गलत है उन्होंने कहा कि सभी वर्ग विशेष के मतदाताओं के सहयोग से प्रत्याशी की जीत होती है। समाज को गुमराह करके कांग्रेस के वोट बैंक को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की जा रही है।

### समाज को बांटने का कर रहे काम : सविता

बिरसा जनपद अध्यक्ष सविता धुर्वे ने कहा कि आदिवासी सर्व समाज के भुवनसिंह प्रत्याशी होने की बात कही जा रही है यह सही नहीं है कुछ लोगों के बीच बैठक हुई और प्रत्याशी बन गये है, वे अपने आप को गोंडवाना और सर्व आदिवासी समाज का समर्थन है ऐसा बताकर समाज के बीच दुष्प्रचार कर है, हम भी समाज के है हमारा समाज पहले है राजनीतिक दल बाद में है, समाज की बैठक में हमें नहीं बुलाया गया था और भ्रम फैलाया जा रहा है कि वे समाज का प्रत्याशी है इस प्रकार समाज को बांटने का काम किया जा रहा है।

### कांग्रेस प्रत्याशी सम्राट के लिये एकजुट है हम : दिनेश धुर्वे

मध्यप्रदेश आदिवासी विकास परिषद एवं कांग्रेस जिला महामंत्री दिनेश धुर्वे ने बताया कि निर्दलीय प्रत्याशी कोर्राम सर्व आदिवासी समाज का समर्थन होने की बात करते है किंतु वास्तविकता है कि समाज में विभिन्न संगठन है उसमें से कई संगठन उनके समर्थन में नहीं है, गोंगपा का प्रत्याशी भी है जिससे समाज दो भागों में बंट जाता है और मतों का धुव्रीकरण होकर भाजपा को फायदा होता है। वर्तमान समय में कांग्रेस के पक्ष में माहौल है, सम्राट सरस्वार और उनका परिवार लम्बे समय से जनसेवा में जुटा हुआ है। ऐसे प्रत्याशी को हमारा समर्थन है जिससे की जीतकर वे लोकसभा में पहुंचे। समाज के विभिन्न संगठनों को एकत्रित करके उन्हें अपनी दावेदारी प्रस्तुत करना था समाज के माध्यम से प्रत्याशी घोषित किया जाता तो उन्हें सभी का सहयोग मिलता, किंतु उन्होंने ऐसा ना करते हुए स्वयं ही अपनी उम्मीदवारी सामने रखी है। वार्ता के दौरान अन्य आदिवासी समाजजनों ने भी अपनी बात रखी और कांग्रेसी विचारधारा से जुड़ाव रखते हुए आदिवासियों के हित के लिये कांग्रेस प्रत्याशी सम्राट सरस्वार के पक्ष में होने का जिक्र किया।

### कांग्रेस की रीति-नीति पर हमारा समर्थन : दलसिंह

जिला पंचायत सदस्य दलसिंह पन्द्रे ने बताया कि व्यक्ति विशेष समाज के नाम से राजनीति नहीं होती है, लोकतांत्रिक देश है अपनी ईच्छा से चुनाव लड़ा जाता है, समाज ही चिंतन करता है और किसी को आगे करते हुए चुनाव लड़ाता है। सभी पार्टी में आदिवासी वर्ग के लोग है साजिश करते हुए समाजिक जनप्रतिनिधियों की छवि को धुमिल किया जा रहा है, कांग्रेस को निशाना बनाते हुए अपना मतलब साधा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सामाजिक बैठक बुलाकर हमारा नाम खराब करने का प्रयास किया गया इसकी निंदा करता हूं एवं सामाजिक जनों से भी कहता हूं कि आगे ऐसा नहीं होना चाहिये। निर्दलीय प्रत्याशी कोर्राम समाज के नाम से राजनीति कर रहे है किंतु सर्व आदिवासी समाज का समर्थन उन्हें नहीं है।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्टैंडिंग समिति में राजनीतिक दलों को बताए 72 और 48 घंटे के प्रोटोकॉल

### मतदान समाप्ति के 48 घंटे पहले अन्य जिले के मतदाताओं को बाहर जाना होगा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने मंगलवार को निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक श्री शुभकरण सिंह की मौजूदगी में राजनीतिक दलों के साथ स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देशित किया गया है कि मतदान समाप्ति के 72 और 48 घंटे पहले कुछ महत्वपूर्ण कार्यवाहियां निर्वाचन कार्यालय और राजनीतिक दलों तथा अभ्यर्थियों के द्वारा करनी होती है। इसके लिए पृथक से राजनीतिक दलों के साथ स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित करने के निर्देश है।उसी सिलसिले में बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि जिले 1675 मतदान केंद्रों में से 74 प्रतिशत मतदान केंद्रों पर वेब कास्टिंग के माध्यम से निगरानी की जाएगी। वही नेटवर्क नही होने से 86 मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी के माध्यम से व्यवस्था की गई है। 1153 और 86 केंद्र सीधे जिला निर्वाचन और आयोग की निगरानी के दायरे में आये है। साथ ही मतदान केंद्र में कोई भी मोबाइल नही जाएगा। अभ्यर्थी के अभिकर्ताओं पर भी यह लागू होगा। प्रचार मतदान समाप्ति के 48 घंटे पहले प्रचार और जिले के अलावा अन्य विधानसभा का मतदाता है तो उन्हें 72 घंटे पहले छोड़कर जाना होगा। मतदान के लिए सेक्टर अधिकार शहरी क्षेत्र में 1-1 रिजर्व ईवीएम मशीन और ग्रामीण क्षेत्रों में 2-2 ईवीएम मशीनों के साथ रहेगा। इसके अलावा हर विधानसभा में 2-2 बेल के इंजीनियर मौजूद रहेंगे। बैठक में एसपी श्री समीर सौरभ, अपर कलेक्टर श्री डीएस रणदा, उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्री केसी ठाकुर, एआरओ श्री गोपाल सोनी तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

**सोशल मीडिया का उपयोग सावधानी से करें:** डीईओ डॉ. मिश्रा ने राजनीतिक दलों से कहा कि आयोग के निर्देश है कि कोई भी व्यक्ति बिना किसी पुष्टि के कोई अफवाह या भ्रामक जानकारी प्रसारित करता है तो कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इश्लिये सोशल मीडिया पर कोई ऐसी जानकारी चल रही है तो पहले पुष्टि करें। साथ ही जिन अभ्यार्थियों ने अब तक आपराधिक रिकॉर्ड का प्रकाशन नही कराया है तो तुरंत करावाये। साथ ही राजनीतिक दल मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे के बाहर ही अपना टेबल/बूथ बनाए, जिस क्षेत्र में 5 या इससे अधिक मतदान केंद्र है तो वहां एक ही बूथ या टेबल होगी। वहाँ से किसी प्रकार की चिन्ह वाली पर्ची का वितरण नही होगा।

**मतदान जल्दी कराने की चुनोती है अभिकर्ताओं के समझाइश दे:** डीईओ डॉ. मिश्रा ने राजनीतिक दलों से कहा कि बैहर, लांजी और परसवाड़ा में मतदान का समय सुबह 7 से शाम 4 बजे तक है बाकी विधान सभाओं में 7 से 6 बजे तक का है। विधानसभा निर्वाचन में देखा गया कि दलों की वापसी देर रात तक होती रही है। मतदान अभिक्रताओ का सहयोग इश्लिये आवश्यक है कि मतदाता को पहचाने न कि उसकी इन्ट्री करें। कई बार अभिकर्ता मतदाता का नाम भी लिखता है। ऐसा नही हो इसका ध्यान दिलाये। किसी मतदाता के पास मतदाता पर्ची नही पहुँची हो तो भी मतदान कर सकता है जरूरी है कि मतदाता सूची में नाम हो। उस दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित है।

**स्ट्रांग रूम थ्री लेयर सुरक्षा में और बिजली और सीसीटीवी कैमरे की दो-दो लाइन:** डीईओ डॉ. मिश्रा ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया है कि स्ट्रांग रूम के लिए 3 सुरक्षा चक्र बनाये गए है। इसी तरह बिजली हर समय मौजूद रहे इसके लिए दो-दो लाइन और एक जनरेटर लगाया गया है। वही दो-दो सीसीटीवी कैमरे की लाइन की व्यवस्था है।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने ली प्रेसवार्ता : वेरिफाइड न्यूज पर ज्यादा फोकस करें मीडिया

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने मंगलवार को प्रेसवार्ता आयोजित की। उन्होंने प्रेस से कहा कि आयोग के निर्देशानुसार मतदान समाप्ति के 72 व 48 घंटे पहले कई तरह की कार्यवाहियां प्रशासन और राजनीतिक दलों व अभ्यर्थियों को करनी होती है। इसके लिए राजीनीतिक दलों के साथ स्टैंडिंग कमेटी की बैठक ली जा चुकी है। मतदान समाप्ति से 48 घण्टे पहले यानी 17 अप्रैल को शाम 6 बजे प्रचार-प्रसार थम जाएगा। जिले में 319 नक्सल प्रभावित मतदान केंद्र है। जिसमें 58 अति संवेदनशील तथा 261 मीडियम संवेदनशील है। 1675 मतदान में से 1153 पर वेब कास्टिंग 86 पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। जिनसे निर्वाचन आयोग भी निगरानी कर सकता है। प्रेस वार्ता में अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्री केसी ठाकुर, एसडीएम श्री गोपाल सोनी उपस्थित रहे।

**अफवाहें और भ्रामक जानकारियॉ प्रसारित करने से बचें:** पुलिस अधीक्षक श्री समीर सौरभ ने मीडिया से कहा कि आयोग ने चार एम पर ज्यादा फोकस किया है। इसमें मिस इनफार्मेशन एक महत्वपूर्ण पार्ट है जो मीडिया की ओर से भी जारी हो जाता है। इसलिए ऐसी कोई सूचना या जानकारी जो अफवाह या भ्रामक है। उसकी पुष्टि जरूरी है। इसके लिए पुलिस या प्रशासन के अधिकारियों से पुष्टि के बाद ही प्रसारित की जानी चाहिए। जिले व अंतर राज्यीय सीमाओं पर महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ वहां की पुलिस सील करेगी।

# आंधी-तूफान का कहर, आधा दर्जन से अधिक मकानों की छत उड़ी

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** मंगलवार को कटंगी क्षेत्र में तेज आंधी-तूफान, बारिश और चने आकार की ओलावृष्टि के बाद हर तरफ तबाही के जैसा मंजर नजर आया है. सबसे खराब स्थिति ग्रामीण क्षेत्रों में रही जहां सबसे अधिक नुकसान हुआ है. वहीं ग्रामीणों द्वारा इस नुकसान की भरपाई के लिए एसडीएम, तहसीलदार और पटवारी को दूरभाष पर सूचना दी गई है. हालांकि निर्वाचन से जुड़ी प्रक्रिया में व्यस्त होने के कारण राजस्व विभाग का कोई भी कर्मचारी नुकसानी का जायजा लेने के लिए देर शाम तक जमीनी सर्वे करने के लिए नहीं पहुंचा था. आंधी-तुफान से ग्राम चिकमारा के आमाटेकरा में पुसेन्द्र पटले के मकान की टीन की छत उड़ गई. करीब 1 लाख रुपए से अधिक के नुकसान का अनुमान है. आमा टेकरा के ही पुरूषोत्तम देशमुख के मकान की भी टीन की छत उड़ी है. इन्हें भी 01 तक के नुकसान का अंदाजा लगाया गया है. धनराज परिहार के मकान के एक हिस्से को आंधी से नुकसान हुआ है. ग्राम पंचायत चौखंडी में आंधी-तूफान का जमकर कहर देखने को मिला. यहां पर रवि राहंगडाले, भरत राहंगडाले, गीता बाई राहंगडाले के एक परिसर में बने कच्चे मकान की छत का पूरा टीन उड़कर करीब 100 मीटर से अधिक की दूरी पर जाकर गिरा. आंधी से राहंगडाले परिवार को काफी नुकसान हुआ है।



# बेहरई में मनाया अष्टमी पर्व, भंडारे का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

ग्राम पंचायत बेहररई मे चैत नवरात्र पर्व बडे धूमधाम से मनाया गया। चैत्र नवरात्रि के आठवें दिन मां दुर्गा के महागौरी स्वरुप की पूजा की गई। नवरात्र में अष्टमी तिथि का विशेष महत्व होता है। इस साल चैत्र नवरात्र पर एक भी तिथि का क्षय न होने के कारण नवरात्रि 9 दिनों की है। इसके कारण 16 अप्रैल को अष्टमी मनाई गई और कन्याओं को भोज कराया गया है व भंडारे का भी आयोजन किया गया।

# भाजपा का संकल्प पत्र ही मोदी की गारंटी : जैनेन्द्र कटरे

## सशक्त, समृद्ध राष्ट्र निर्माण का मार्ग प्रशस्त

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डां जे पी नड्डा की अध्यक्षता में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की संकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से लोकसभा चुनाव 2024 हेतु जारी किया गया 'संकल्प पत्र' सशक्त, समृद्ध व शक्तिशाली राष्ट्र निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने वाला है। यह बात भारतीय जनता युवा मोर्चा नगराध्यक्ष जैनेन्द्र कटरे ने कही। उन्होंने कहा, जनता जनार्दन के लिए यह केवल संकल्प पत्र नहीं है बल्कि यह मोदी की गारंटी के वह बिंदु है जिन्हें आने वाले पांच वर्षों में देश धरातल पर उतरते हुए देखेगा। इसमें वर्गों, क्षेत्रों और प्रकल्पों का पूर्ण समावेश है। जैनेन्द्र कटरे ने आगे कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत विकास के पथ पर स्वर्णिम आयाम स्थापित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। अतः भाजपा का संकल्प पत्र मतलब गारंटी विकास और जनकल्याण की हैं। इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं है। जैसा की देश ही नहीं बल्कि सारे विश्व ने मोदी सरकार के दो ऐतिहासिक कार्यकाल



में पूर्व के संकल्प पत्र को संकल्पित और अवतरित होते देखा है। आइए हम सब मिलकर एक बार फिर मोदी सरकार के कुशल नेतृत्व में नव भारत की इबारत लिखने में अमूल्य योगदान समर्पित करें।

## गांव-गांव में दिखा अभूतपूर्व उत्साह, मोदी -मोदी की गूंज

# जन कल्याण की योजनाएं घर-घर तक : भारती पारधी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो स्वर्णिम कार्यकाल मैं हुए आमूलचूल परिवर्तन बदलते भारत, बेहतर बालाघाट और बढ़ते लालबर्रा की हूबहू तस्वीर है। आज आम जनमानस के जीवन में तरक्की उन्नति और प्रगति की राह दिखाई पड़ती है। माताएं बहने सम्मान से अपना जीवन की रही है। लाड़ली लक्ष्मी और लाडली बहना से सीधा लाभ पहुंचा है। किसानों को उनका वाजिब हक और अधिकार मिला है। किसान सम्मान निधि मिल रही है। वहीं किसानों को धान का मूल्य₹ 3100 रूपए हर हाल में मिलेगा, यह हमारे मुख्यमंत्री का संकल्प है। युवाओं को आत्मनिर्भर भारत स्वावलंबी भारत के तहत रोजगार मिले। मजदूरों को उनके कल्याण की योजनाएं घर-घर तक पहुंची है। गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत भरपेट भोजन मिल रहा है। हर खेत पानी, हर घर जल पहुंचने में सरकार ने कोई कोर का कसर नहीं छोड़ी। जिले में मेडिकल कॉलेज, आयुर्वैदिक कॉलेज से उपचार की रहा आसान होगी। आयुष्मान भारत योजना से 5 लाख तक का निशुल्क इलाज मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्के मकान नसीब हुए हैं। राष्ट्रीय, राज्य मार्ग से आवागमन सुलभ हुआ। रेल ब्रॉडगेज योजना धरातल पर आई है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क सड़क से गांव शहरों से जुड़े है। स्कूल कॉलेज से पढ़ाई का स्तर बढ़ा है। हमारे नेता गौरी भाऊ ने बालाघाट विधानसभा क्षेत्र के विकास के जो नव आयाम गढे हैं। उसे और आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी अब हमारी है। आगे भारती पारधी ने कहा यह सब मुमकिन हुआ है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में। इस कुशल और साहसिक नेतृत्व के बल पर अपने देश, जिले और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए फिर एक बार मोदी सरकार के लिए आप अपना जन समर्थन दे ऐसी गूजारिश है।

### आज भारती पारधी मलाजखंड, बैहर, बालाघाट और सिवनी

भाजपा लोकसभा प्रत्याशी भारती पारधी आज मलाजखंड, बैहर, बालाघाट और सिवनी में रामनवमी के पावन अवसर पर जन-जन के कल्याण, सुख समृद्धि के लिए प्रभु श्री राम की आराधना करेगी। पश्चात सघन जनसंपर्क की कड़ी में भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ जगह-जगह जाकर जनता जनार्दन से लोकसभा क्षेत्र के विकास, जन कल्याण और फिर एक बार मोदी सरकार के लिए जन आशीर्वाद लेंगी।

## जब तक संविधान जिंदा है तब तक मै भी जिंदा हूॅ बाबा साहब आंबेडकर : ढेंगरे

# जाम (लालबर्रा) में धूमधाम से मनाई बाबा साहब की जयंती

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

भारतीय संविधान के शिल्पकार, आधुनिक भारत के निर्माता बोधिसत्व डॉ.बाबा साहब आंबेडकर जी की 133 वां जयंती समारोह 14 अप्रैल 2024 को जाम(लालबर्रा) मुख्यालय में दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष चरनदास ढेंगरे म.प्र. के मुख्य आतिथ्य में, आयुष्मति श्रीमती रक्खी नगपुरे उपसरपंच जाम इनकी अध्यक्षता में हर्षोउल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। समारोह के प्रमुख अतिथियों में दि बुद्धिस्ट सोसायटी के प्रदेश सचिव राजकुमार कामडे, जिलाध्यक्ष एस.एल.रंगारे, जिला उपाध्यक्ष खुशीयाल मेश्राम, हाजी शोहेब खान संयोजक राष्ट्रीय मुस्लिम बहुजन एकता मंच बालाघाट, विशिष्ट तिथियों में दुलीचंद नगपुरे, पूर्व जनपद सदस्य, राजीव लिल्हारे नेहरू युवा मंडल बध्यक्ष, वरिष्ठ पंच देवराज ठकरेले, छोटे ठकरेले, सत्यनारायण श्रीवास, सुरेश साकुरे, साक्ष्य बाहेश्वर, जितेन्द्र तरवरे, नरेन्द्र तरवरे, जाहिर खान जनपद सदस्य आदि के विशेष आतिथ्य में जयंती समारोह सम्पन्न हुआ। ग्रामीण आयोजक शाखा द्वारा रैली का आयोजन किया गया। जिसमें सभी वर्ग के लोगो द्वारा नाचते गाते डा.बाबा साहब की जयकारो के साथ ग्राम का भ्रमण रैली कार्यक्रम स्थल पर रैली पहुंची। कार्यक्रम में सामूहिक पूजा वंदना के पश्चात अतिथि के स्वागत के बाद बाबा साहब के जन्मदिवस पर केक काटा गया। तदुपरांत मंचीय कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। मंचासीन सभी अतिथियों ने बोधिसत्व बाबा साहब एवं राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबा फुले जी के जीवन संघर्ष पर अपने विचार रखे। समारोह के मुख्य अतिथि चरनदास ढेंगरे ने अपने उदबोधन में कहा कि बाबा साहब ने संविधान के माध्यम से भारत के सभी वर्ग के लोगो के जीवन की प्रगति के लिये कार्य किये है। इसलिये उन्हे आधुनिक भारत का निर्माता कहते है। बाबा साहब कहते थे यह जो भारत का संविधान जो मैने बनाकर दिया हूॅ। इसमें सभी भारतीयों के जीवन के प्रगति के रास्ते है। इसे मरने मत देना। क्योंकि जब तक संविधान जिंदा है तब तक मै भी जिंदा हूॅ। इसलिये आप सभी की ड्युटी है कि मरते दम तक संविधान की रक्षा करें। इस दौरान विनोद भिमटे, दिलीप मेश्राम, विवेक भिमटे, जितेन्द्र डोंगरे, प्रमोद भिमटे, अजय मेश्राम, परमेश्वर गजभिये, अशोक भिमटे, कु. नयन मेश्राम, रीनू भिमटे, सुनिता, रानु मेश्राम आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

